गतिविधि 11. अभिभावक बच्चों को नीचे दिए गए मज़ेदार वाक्य और पहेलियों को पढ़कर सुनाएँ और बच्चों को इनका जवाब सोचकर बताने को कहें।

मजेदार वाक्य	पहेलियाँ
1- लाली बोली लल्लू से, लल्लन लाया था लाल की शादी पे, लाल लिफाफे में लड्डू। 2- चंदा चमके चम–चम, चीखे चौकन्ना चोर, चींटी चाटे चीनी, चटोरी चीनी खोर।	1- फूल भी हूँ फल भी हूँ और मिठाई भी,बताओ में क्या हूँ भाई ? 2- कान है पर बहरी हूँ मुँह है पर मौन हूँ बताओ मैं कौन हूँ? 3- लाल हूँ मैं, खाती हूँ सूखी घास, पानी पीकर मर जाऊँ, जल जाए जो आये मेरे पास। उत्तर 1 2 3

गतिविधि 12. नीचे दिए गए चित्र में रास्ता खोजो लड़की घर तक कैसे पहुँचेगी? पेंसिल से रास्ता बनाओ।



शिक्षकों के नाम ---

1– श्रीमती मीतू पंत रा०प्रा०वि० देवलखेत गरूर बागेश्वर

2– श्रीमती हेमलता जोशी रा०प्रा०वि० पिंगलों गरूर बागेश्वर

तकनीकी सहयोग

– रूम टू रीड इण्डिया ट्रस्ट

कक्षा– 1, वर्क शीट–2 (साप्ताहिक)

पाठ–2 (आम की कहानी)

बच्चे का नाम..........................	स्कूल....................................
अभिभावक का नाम..................	मोबाइल नम्बर..............................

अभिभावकों के लिए– हम आशा करते हैं कि आप या घर का कोई भी सदस्य इस वर्क शीट के कार्य को पूरा करने में बच्चे की मदद करेंगे।

गतिविधि 1. अभिभावकों के लिए – नीचे दिए गए चित्रात्मक कहानी के चित्रों को बच्चे को ध्यान से दिखाएँ और उनसे खूब सारी बातचीत करें। जैसे आम को सबसे पहले किसने देखा? कहानी में लड़के ने आम को कैसे तोड़ा? अगर तुम होते तो तुम कैसे पेड़ से आम तोड़ते? कहानी के अंत में आम किसको मिला? हम आम को काटकर खाते हैं या चूसकर, क्या आप बता सकते हो हम आम को और किन तरीकों से खा सकते हैं? जैसे हम चटनी बनाकर भी खाते है।

गतिविधि 2. बिन्दुओं को मिलाकर आकार बनाएँ और आम के चित्र में रंग भरें।





गतिविधि 3. 'आ' आवाज वाले चित्र की पहचान करें और नीचे दिए बॉक्स में सही (√) का निशान लगाओ।



☐ ☐ ☐ ☐

गतिविधि 4. *अभिभावक के लिए–* बच्चों को 'आ' वर्ण की पहचान करवायें और लिखवायें।

आ आ आ

आ

....

गतिविधि 5. दिए गए अक्षरों में से 'आ' अक्षर पर गोला लगाएँ।

र	आ	प	आ	ल	झ	आ	छ

गतिविधि 6. अभिभावक बच्चों से 'आ' वर्ण लिखवाकर शब्द बनवाएँ।

 ——लू ——ग ——डू ——म

गतिविधि 7. अभिभावक बच्चों को नीचे दिए गये शब्दों का अर्थ बताते हुए वाक्य प्रयोग करके बताएँ बच्चों को भी वाक्य बनाने के लिए प्रोत्साहित करें।

शब्द	अर्थ	वाक्य प्रयोग
मामा	माँ का भाई	मेरे मामा आए।
ताजा	————	——————
मौज	————	——————

गतिविधि 8. अभिभावक बच्चों को नीचे दी गयी कविता सुनाएँ व बच्चों से भी कविता का दोहराव करवाएँ तथा नीचे दिए गए प्रश्नो को पूछें और उत्तर लिखने में बच्चों की मदद करें।

कविता (मामा आया)

मामा आया आम लाया
ताजा–ताजा आम लाया
भागा–भागा राजा आया,
एक आम उठाकर खाया
आम खाकर मौज मनाया,
मामा आया आम लाया

प्र–1 आम कौन लेकर आए? उत्तर– ——————————————

प्र–2 भागा भागा कौन आया? उत्तर– ——————————————

गतिविधि 9. अभिभावक 'आ' वर्ण को बोलें और बच्चों को नीचे खाली जगह में लिखने को कहें। अभिभावक बच्चों की आवश्यकतानुसार मदद करें।

________ ________ ________ ________

गतिविधि 10. नीचे दिए गए चित्रों को ध्यान से देखें और **5** अंतर खोजें।